उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कार्पोरेशन लिमिटेड
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
U.P. POWER TRANSMISSION CORPORATION LIMITED
(Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)
शक्ति भवन, 14 अशोक मार्ग, लखनऊ।

संख्याः 633–पारे0अनु0–16/पाट्राकालि–2018–20/2009 दिनांकः 22 फरवरी, 2018

समस्त मुख्य अभियन्ता (स्तर–।/।।),
उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0,
मेरठ/आगरा/इलाहाबाद/लखनऊ।

विषयः उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद अभियन्ता संघ के वार्षिक महाधिवेशन हेतु विशेष अवकाश की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

मुझे यह अवगत कराने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद अभियन्ता संघ के महासचिव ने यह सूचित किया है कि उनके संगठन का 38वॉ महाधिवेशन दिनॉक 24 एवं 25 फरवरी, 2018 को आहूत किया गया है जिसमें पूरे प्रदेश के वितरण, पारेषण, उत्पादन एवं जल विद्युत के अभियन्ता प्रतिभाग करेगें। उन्होंने अनुरोध किया है कि उनके संगठन के सदस्यों एवं पदाधिकारियों को उक्त तिथियों का "विशेष अवकाश" प्रदान किया जाए।

संगठन के उपरोक्त आग्रह के संदर्भ में सम्यक विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि पूर्ववर्ती परिषद् के आदेश सं0–3488बी/एसईबी/एस–17(8एच)/78 दिनॉक 05.12.1983 में निहित प्राविधानों के अनुसार कार्मिकों द्वारा किये जा रहे कार्य की आवश्यकता/आकस्मिकता को ध्यान में रखते हुए जिसके लिए अवकाश प्रदान करने वाले सम्बन्धित नियंत्रक अधिकारी एक मात्र निर्णायक होंगे, उन सदस्यों एवं पदाधिकारियों को, जो अधिवेशन में भाग लेने हेतु इच्छुक हो, दिनांक 24–25 फरवरी, 2018 का विशेष अवकाश स्वीकृत कर दिया जाए।

संगठन के सदस्यों को "विशेष अवकाश" स्वीकृत करने में नियंत्रक अधिकारी द्वारा पाकालि के कार्यालय ज्ञाप सं0–5948(औ0सं0)–17/पाकालि/03–188ए0एस0/96 दिनॉक 31.12.2003 सपठित कार्यालय ज्ञाप सं0–5820(औ0सं0)–17/पाकालि/03–188ए0एस0/96 दिनॉक 04.12.2004 में निर्धारित प्रक्रिया का निष्ठापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

भवदीय,

(अजय कुमार श्रीवास्तव)
उपसचिव (पारे0)

संख्याः 633 (i)–पारे0अनु0–16/पाट्राकालि/2018 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त निदेशकगण, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, शक्ति भवन/शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
2. महाप्रबन्धक (औ0सं0), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
3. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0।
4. समस्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0।
5. श्री पंकज सक्सेना, अधिशासी अभियन्ता सम्बद्ध निदेशक (आपरेशन), उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ को कारपोरेशन की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
6. उ0प्र0 राज्य विद्युत परिषद अभियन्ता संघ, लखनऊ को उनके पत्र सं0–ए एस/संगठन/2016–18/169 दिनांक 15.02.2018 के संदर्भ में।

(अजय कुमार श्रीवास्तव)
उपसचिव (पारे0)